जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट: 30 मई को निकाली जाएगी यूएसए और यूरोप समेत ग्लोबल बिड

भास्कर न्यूज़ | ग्रेटर नोएडा

जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना के प्रस्ताव को मंगलवार को शासन से यूपी मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिल गई। मंत्रिपरिषद ने इसके लिए वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। इसके निर्माण के लिए 30 मई को यूएसए व यूरोप समेत ग्लोबल टेंडर निकाला जाएगा। 6 माह में टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके आधार पर जनवरी 2020 तक डेवलपर का चयन हो जाएगा। मंत्रिपरिषद ने परियोजना से प्रभावित तथा विस्थापित परिवारों के पुनर्वास व व्यवस्थापन के लिए अनुमानित धनराशि 894.53 करोड़ रुपए पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जेवर एयरपोर्ट को मेट्रो से जोड़ने की डीपीआर भी तैयार

फाइल फोटो

जेवर एयरपोर्ट को मेट्रो से भी जोड़ने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। यमुना प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कराकर इसे शासन को भेज दिया जाएगा। नई डीपीआर के मुताबिक, जेवर मेट्रो को एक्वा लाइन मेट्रो के नॉलेज पार्क-2 से जोड़ा जाएगा। इससे आईजीआई, दिल्ली व अन्य शहरों की मेट्रो जुड़ जाएगी। नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट टर्मिनल तक रूट की कुल लंबाई 35.64 किलोमीटर होगी। इसमें 32.27 किलोमीटर एलिवेटेड और 3.37 किलोमीटर अंडरग्राउंड बनाया जाएगा। इस रूट पर 25 स्टेशन होंगे। समय पर काम होने की स्थिति में अनुमानित 5708 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। रैपिड रेल से भी जेवर एयरपोर्ट जुड़ेगा। इसके लिए दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेशन से जेवर की लाइन को जोड़ा जाएगा।